अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 2 जुलाई 2026
आषाढ़ कृष्ण द्वितीया
विक्रम संवत 2083

PAGE NO. 09, MIDDLE

# एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में युवा स्वास्थ्य मेला आरंभ, वेलनेस सेंटर खुला



**बरेली (वि)।** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में बुधवार को 24वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में चार दिवसीय युवा स्वास्थ्य मेला आरंभ हुआ। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने इसका उद्घाटन कर ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए विशेष वेलनेस सेंटर 'अस्तित्व' के आरंभ की घोषणा की। देव मूर्ति ने कैंसर मरीजों के लिए 4 जुलाई तक पंजीकरण पर पूरे उपचार पर 15 फीसदी छूट की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि अस्तित्व ट्रांसजेंडर समुदाय को सम्मानजनक और समावेशी सेवाएं देगा। हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी मार्गदर्शन भी मिलेगा। जेंडर अफरमेशन सर्जरी के लिए परामर्श भी दिया जाएगा। अस्तित्व ओपीडी सोमवार से शनिवार तक सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगी। मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने बताया कि यह मेला युवाओं को जागरूक करने के लिए है। पहले दिन एक हजार से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया। मेले में बीपी, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन जैसी कई जांचें निशुल्क की जा रही हैं। अन्य जांचों पर 50 फीसदी की छूट भी मिल रही है। फिजीशियन डॉ. दीपक दास, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. स्मिता गुप्ता और डायटीशियन दीपिका ने स्वस्थ जीवनशैली, मोटापे से बचाव और संतुलित भोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. मनाली साह, रेस्पिरेटरी मेडिसिन के डॉ. हसन शमशी और फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. शिखा वर्मा ने तंबाकू, शराब से बचने तथा शारीरिक गतिविधियों व योग को अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर देविशा मूर्ति, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, वाइस प्रिंसिपल डॉ. रोहित शर्मा, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डिप्टी एमएस डॉ. सीएम चतुर्वेदी, डीन यूजी डॉ. बिंदु गर्ग सहित सभी विभागाध्यक्ष और स्टाफ मौजूद रहा।